# कान्हा तेरा मंदिर | by Chirag Narula

कान्हा तेरा मंदिर अब मेरा है ये घर
तू ही नज़र आये देखूं मैं जिधर
तेरा दर छोड़ अब जाऊँगा किधर
देखु मैं जिधर तू ही तू आये नज़र
कान्हा ओ कान्हा मेरे कान्हा

कृष्णा मुरली की धुन ये तेरी
दिल की धड़कन हुई है मेरी
गोकुल भी तेरा है बरसाना भी तेरा है
जग तेरा दीवाना है
कान्हा ओ कान्हा मेरे कान्हा

कृष्णा तेरा दीदार जब हुआ
कान्हा तेरा दावेदार मैं हुआ
मंज़िल भी दिखाई तूने समझा दिए रस्ते
तुम्हे अपना बनाना
कान्हा ओ कान्हा मेरे कान्हा

सांवरे उजाला हर किरण कर गई
मन में कितना ही प्यार भर गई
मेरे अंग संग तू है हर रंग में तू है
जग तेरा दीवाना रे
कान्हा ओ कान्हा मेरे कान्हा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b0-by-chirag-narula/